प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
25.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

"मुख्य समाचार"

- प्रदेश सरकार ने चिकित्सकों को दिवाली से पहले दिया बड़ा तोहफा—पीजी कोर्स करने वाले चिकित्सकों को मिलेगा पूरा वेतन।
- सांसद सिकंदर कुमार ने कांग्रेस सरकार पर आर्थिक कुप्रबंधन का लगाया आरोप—कहा—झूठी गारंटियां देकर हुई सत्तासीन।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने जनमंच कार्यक्रम को नाम बदल कर शुरू करने पर राज्य सरकार को घेरा—राजनीतिक दुर्भावना के चलते बंद करने के लगाए आरोप।
- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने केन्द्र सरकार से प्रदेश के विकास में सहयोग का किया आग्रह।

सुक्खू

राज्य सरकार ने प्रदेश के चिकित्सकों को दीपावली से पहले एक बड़ा लाभ दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर अमल करते हुए सरकार ने पीजी कोर्स, सीनियर रेजीडेंसी या डीएम—स्तर की पढ़ाई करने वाले चिकित्सकों को अध्ययन अवकाश के दायरे से बाहर करने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार के इस निर्णय से अब पीजी कोर्स करने वाले चिकित्सकों को उनका पूरा वेतन मिलेगा और उनकी पढ़ाई को ऑन ड्यूटी माना जाएगा। इससे पहले, मंत्रिमंडल के एक निर्णय में अध्ययन अवकाश पर जाने वालों का वेतन 40 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया था, इससे आगे की पढ़ाई करने वाले चिकित्सकों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा था। इस बीच हिमाचल मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम करने वाले चिकित्सकों को पूर्ण वेतन प्रदान करने के राज्य सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार जताया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजेश ने कहा कि प्रदेश सरकार के इस निर्णय से चिकित्सकों की एक बड़ी चिंता का समाधान हुआ है।

सिकन्दर कुमार

राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर आर्थिक कुप्रबंधन का आरोप लगाया है। आकाशवाणी से बातचीत में आज उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है और प्रदेश को कर्ज़ के बोझ तले दबाया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवावदाता——

वीओ——राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने प्रदेश सरकार को आर्थिक कुप्रबंधन को लेकर आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश में लोगों को झूठी गारंटियां देकर सत्तासीन हुई है लेकिन आर्थिक मोर्चे में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। सिकंदर कुमार ने सुक्खू सरकार को राज्य के हित में आर्थिक प्रबंधन को मज़बूत करने की भी सलाह दी।

राज्यसभा सांसद ने ये भी कहा कि केन्द्र सरकार हिमाचल प्रदेश की भरपूर मदद कर रही है और केन्द्र के सहयोग के बिना कांग्रेस को प्रदेश में सरकार चलाना मुश्किल हो जाएगा।

सिकंदर कुमार ने कहा कि हिमाचल के सभी सांसद केन्द्र में प्रदेशहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हैं और राज्य की प्रगति उनकी प्राथमिकता है।

निश्चित तौर पर सभी सांसदों के प्रयासों और केन्द्र सरकार के सहयोग से जहां हिमाचल के विकास को गति मिलेगी वहीं राज्य की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सोलन जिले की ममलीग उप–तहसील के पांजणी गांव के विशेष रूप से सक्षम बीपीएल परिवार के दो भाई बहनों को दिवाली पर बेहतरीन तोहफा दिया है। उन्होंने दोनों बच्चों को राज्य रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से दो ऑटोमैटिक व्हीलचेयर भेंट की। उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रोफेसर अजय श्रीवास्तव ने इन दोनों की दिव्यांगता का मामला राज्यपाल के समक्ष रखा था। गौरतलब है कि पांजणी के 21 वर्षीय सुनील और 18 वर्षीय अनिता सेरिब्रल–पालसी के कारण जन्म से ही शत प्रतिशत दिव्यांग हैं।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में पैलिएटिव देखभाल प्रणाली को मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। पैलिएटिव देखभाल एक विशेष चिकित्सा देखभाल प्रणाली है जिसका उद्देश्य गंभीर बिमारियों से पीड़ित रोगियों को दर्द, परेशानी और तनाव से राहत प्रदान करना है। स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल पैलियम इंडिया के पैलिएटिव देखभाल मॉडल का अध्ययन करने के लिए 23 से 26 अक्तूबर तक केरल दौरे पर है। शांडिल ने कहा कि पैलियम इंडिया और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हिमाचल ने राज्य में पैलिएटिव देखभाल केंद्रों को और मजबूत करने के लिए इस वर्ष फरवरी में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा चलाए गए जनमंच कार्यक्रम को राजनैतिक दुर्भावना के चलते बंद कर दिया था जिसे वो अब शुरू कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले प्रदेश में जनमंच अपने आप में एक अनुठा कार्यक्रम था जिसके तहत सरकार पूरे प्रशासनिक अमले के साथ लोगों के घर–द्वार तक पहुंचती थी और उनका त्वरित समाधान करती थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के लिए जनहित के बजाय राजनैतिक हित सर्वोपरि है और जनमंच जैसे महत्वकांक्षी कार्यक्रम को बंद करना भी उसी का परिणाम था।

विक्रमादित्य सिंह

प्रदेश सरकार ने राज्य में पांच नये राष्ट्रीय उच्च मार्गों की मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है। लोकनिर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज ऊना में विभागीय समीक्षा बैठक के बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन प्रस्तावित राष्ट्रीय उच्च मार्गों के निर्माण से प्रदेश में विकास को गति मिलेगी। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि केंद्रीय राजमार्ग व परिवहन नितिन गडकरी से मुलाकात कर इन्हें शीघ्र अमलीजामा पहनाने के प्रयास किए जाएंगे।

ब्लैक आउट

राज्य बिजली बोर्ड के अधिकारियों व कर्मचारियों के जॉइंट फ्रंट पहली नवम्बर से इंजीनियर के 51 पद खत्म करने और 81 चालकों की सेवाएं समाप्त करने की सरकार की घोषणा से काफी नाराज है। अधिकारियों व कर्मचारियों ने आज शिमला के कुमार हाउस स्थित बोर्ड मुख्यालय में आपात बैठक बुलाई और 28 अक्तूबर से राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान किया। जॉइंट फ्रंट के सह संयोजक हीरा लाल वर्मा ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने 28 अक्तूबर से पहले अपने फैसले पर पुनर्विचार नहीं किया तो बोर्ड के 30 हजार पैंशनर और 16 हजार कर्मचारी सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे। इस पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने साफ किया कि विद्युत बोर्ड को घाटे से उबारने के लिए सरकार कुछ ठोस कदम उठा रही है।

प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह केंद्र सरकार से प्रदेश के विकास में सहयोग का आग्रह करते हुए कहा है कि केंद्र को राज्य सरकार की मांगे जल्द पूरी करने चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री

सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा नीति आयोग से पहाड़ी राज्यों को वित्तीय मदद प्रदान करने के अलग मापदंड़ निर्धारित करने की मांग को पूरी तरह जायज बताया। प्रतिभा सिंह ने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण किसी भी निर्माण कार्य में अनुमान से ज्यादा लागत आती है वहीं प्रदेश को बीते वर्ष की प्राकृतिक आपदाओं से भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

उन्होंने भाजपा नेताओं से फिजूल बयानबाजी न करने और राज्य सरकार को अपना सहयोग देने का आग्रह किया।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में परियोजना सलाहकार समिति की बैठक आज चंबा जिला के किलाड़ में आयोजित की गई। बैठक में पांगी में वित्त वर्ष 2024–25 में आवंटित कुल बजट 45 करोड़ रूपए का अवलोकन किया और 27 जून को हुई परियोजना सलाहकार समिति की बैठक में लिए गए निर्देशों की समीक्षा की गई। जगत सिंह नेगी ने लोकनिर्माण विभाग से घाटी में सड़कों की स्थिति के बारे में जानकारी ली और चल रहे कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सौ से अधिक की जनसंख्या वाले सभी गांवों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़ने का आश्वासन दिया और विभाग को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

जागरूकता रैली

सूचना व प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर द्वारा केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं पर चंबा जिले में दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पहले दिन आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तीसा में स्वच्छता को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर के प्रभारी सुरजीत सिंह ने बताया कि स्वच्छता विषय पर तीसा में आयोजित कार्यक्रम आयोजित में विद्यार्थियों की चित्रकला, निबन्ध व नारा लेखन प्रतियोगिताएं भी करवाई गई।

पैराग्लाइडर

कुल्लू जिला की पीर पंजाल की ऊंची पहाड़ियों में फंसे तीन विदेशी पैराग्लाइडरों को अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान की दस सदस्यीय टीम ने चौपर की मदद से सुरक्षित निकाल लिया है। 15 हजार फुट की उंचाई पर फंसे इन पैराग्लाइडरों को सुरक्षित निकाल कर भुंतर एयरपोर्ट पंहुचा कर बाद में क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने बताया कि डॉक्टरों  की टीम घायल पैराग्लाईडरों का इलाज कर रही है।